न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री भंवर सिंह निवासी नन्दावट, टोगी, भीम तहसील भीम जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकंदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 12/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 17.03.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये पत्र क्रमांक :— RTI/2025/1921—22 दिनांक 10.03.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बिन्दु संख्या 01 की सूचना के संबंध में नामान्तरण संख्या 1693 दिनांक 20.10.2019 ग्राम नन्दावट, पटवार मण्डल टोगी, में प्रयुक्त समस्त दस्तावेजों कि प्रमाणित प्रति संलग्न है, बिन्दु संख्या 02 के संबंध में नामान्तरण संख्या 1226 दिनांक 20.05.2013 ग्राम नन्दावट, पटवार मण्डल टोगी, में प्रयुक्त किसी प्रकार के दस्तावेज चस्पा नहीं किये गए एवं नामान्तरण संख्या 1226 दिनांक 20.05.2013 की प्रमाणित प्रति संलग्न है, बिन्दु संख्या 03 के संबंध में नामान्तरण संख्या 1693 दिनांक 20.10.2019 ग्राम नन्दावट, पटवार मण्डल टोगी, में पटवारी टोगी द्वारा नामान्तरण हेतु नियम 119 व 121 अनुसार प्रपत्र पी.21क की जांच रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति चाही जिससे संबंधित पी.21क नाम से नामान्तरण दर्ज करने का दस्तावेज नहीं होने से उपलब्ध करवाना अपेक्षित नहीं हैं, बिन्दु संख्या 04 के संबंध में नामान्तरण संख्या 1693 दिनांक 20.10.2019 ग्राम नन्दावट, पटवार मण्डल टोगी में पटवारी टोगी द्वारा नामान्तरण हेतु भू—अभिलेख निरीक्षक कुकड़ा की जांच रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति संलग्न है। एवं बिन्दु संख्या 05 के संबंध में सीमाज्ञान के आवेदन संख्या 24062190740 दिनांक 07.05.2024 रसीद संख्या 24603636648 पर कोई कार्यवाही नहीं की गई क्योंकि सीमाज्ञान के ऑफलाइन आवेदन पर ही आदिनांक तक कार्यवाही की जा रही है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचनाएं अपीलार्थी को जरिये पत्र क्रमांक 1921—22 दिनांक 10.03.2025 से उपलब्ध/भिजवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)